तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 18 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 हिन्दुस्तान की उड़ान, देखे सारा जहान की राष्ट्र भावना...



14 अमोड़ा क्षेत्र के किसान समस्याओं को लेकर ...






## खबर संक्षेप

### चार लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ाया



**कांकेर।** गोण्डाहूर पुलिस को पीव्ही 113 निवासी प्रदीप चौधरी अपने घर आंगन में अवैध महुआ शराब बिक्री कर रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 16 दिसंबर को शाम साढ़े 7 बजे पीव्ही 113 ब्रम्हपुर निवासी 52 वर्षीय प्रदीप चौधरी पिता स्व. नंदलाल चौधरी के घर आंगन में दबिश दिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से पांच लीटर वाली सफेद रंग का प्लास्टिक जरकीन में चार लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 400 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घासीदास की 268वीं जयंती आज, होंगे विविध कार्यक्रम

**कांकेर।** गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती आज 18 दिसम्बर को जिला मुख्यालय सतनाम भवन संजय नगर में मनाई जाएगी। सतनाम शोभा यात्रा एवं झांकी संजय नगर सतनाम भवन से दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर ज्ञानी चौक से पुनः सतनाम भवन में वापिस होगी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में जोड़ा जैतखंभ में पूजा पाठ एवं ध्वजारोहण किया जाएगा। मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा है। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### अज्ञात कारणों के चलते युवती की हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत मिचेवाड़ा निवासी 17 वर्षीय अंजली ध्रुवा का अज्ञात कारणों के चलते 8 दिसंबर को मौत हो गया। मिचेवाड़ा निवासी धरमा राम ध्रुवा ने पुलिस को बताया कि मृतिका बेहोशी की हालत में खाट पर पड़ी हुई थी। इलाज के लिए दुर्गुकोंदल के अस्पताल में ले जाने पर चिकित्सक ने परीक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के भविष्य के लिए मावा मोदोल साबित होगी संजीवनी

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के युवाओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में प्रारंभ किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रथम 200 छात्र-छात्राओं के लिए कक्षाएं 17 दिसंबर मंगलवार से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क कोचिंग में चयनित छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा पीएससी, रेलवे, व्यापम व अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। प्रतियोगी परीक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा मावा मोदोल के तहत निःशुल्क कोचिंग संस्थान की स्थापना की गई है। उन्होंने जानकारी दी है कि



### जीवन में बदलाव लाने का है अभियान

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के युवाओं की प्रतियोगी परीक्षा में तैयारी को लेकर मावा मोदोल प्रारंभ किया गया है। हमारा यह उद्देश्य है कि अंदरूनी इलाके के युवा इसका लाभ लेकर बेहतर नौकरी पा सके, जिससे उनके जीवन में बदलाव आ सके।

निःशुल्क कोचिंग संस्थान में विषय विशेषज्ञों की व्यवस्था की गई है। कोचिंग संस्थान दो पालियों में संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक भूगोल, 9 से 10 बजे तक सामान्य अध्ययन छत्तीसगढ़, 10 से 11 राजनीति, 11 से 12 बजे तक मैथ्स एवं रिजनिंग की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्रथम पाली में भानुप्रतापपुर मुख्यालय के युवाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। द्वितीय पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक विकासखंड दुर्गूकोंदल, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, पखांजूर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक बैच में एक-एक घंटे की विषयवार कक्षाएं संचालित किया होंगी। फैकल्टी में भूगोल, राजनीति, गणित रिजनिंग, छग सामान्य ज्ञान, के विषय विशेषज्ञों की सेवाएं ली जा रही हैं जो कोरबा, भिलाई, बिलासपुर के संस्थानों में सेवाएं दे चुके हैं।

## चुनाव : नगरीय निकाय के ओबीसी वर्ग से लड़ने वाले पार्षदों की बढ़ रही धड़कनें

# नगरीय निकाय के वार्डों का आरक्षण अब 19 को, पंचायत के आरक्षण में लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय के वार्डों का आरक्षण और जनपद पंचायत के सदस्य, सरपंच व पंच का 17 दिसंबर को आरक्षण होना था। बीती शाम को लगभग साढ़े 5 बजे पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग ने आदेश जारी किया कि पंचायत चुनाव के आरक्षण अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। उसके उपरांत नगरीय निकाय के वार्डों के आरक्षण को दो दिनों के लिए टाल दिया गया, यानी अब 19 दिसंबर को आरक्षण होगा।

- पंचायत व समाज कल्याण विभाग ने पंचायतों का आरक्षण स्थगित होने का आदेश किया जारी

जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय के तहत कांकेर नगरपालिका, नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर का आरक्षण 17 दिसंबर की सुबह 10 बजे से होना था।




आरक्षण में कई नियम के पेचीदा होने के चलते अब उनमें नए तरह से निर्णय लेकर आरक्षण होने की संभावना दिख रही है। इसी के तहत अब नगरीय निकाय के वार्डों का आरक्षण 19 दिसंबर को दोपहर को होगा। सरकार ने संभवतः नई गाइडलाइन जारी किया है।

नई लाइन में क्या जोड़ा गया है, यह तो स्पष्ट नहीं है, परंतु यह संभावना जताई जा रही है कि चक्रानुक्रम वाला नियम लागू नहीं होगा। एससी व एसटी की तस्वीर पूरी तरह से स्पष्ट है, उसमें कोई बदलाव आने की संभावना नहीं दिख रही है, केवल ओबीसी में ही बदलाव दिखने की संभावना है। उसका कारण यह है कि 2019 के चुनाव के पहले परिसीमन हुआ था, जिससे आरक्षण नए सिरे से हुआ था, ऐसे में 2004, 2009 और 2014 के आरक्षण को आधार बनाने का किसी भी तरह से औचित्य नहीं है। 2019 या ओबीसी के सर्वे के आंकड़ो के आधार पर ही ओबीसी के वार्ड तय हो पाएंगे। प्रशासन किस नियम का पालन करता है, इसकी तस्वीर 19 दिसंबर को दोपहर बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

### कई दावेदारों की उड़ी नींद

जिले के सभी नगरीय निकायों में ओबीसी वर्ग से कई बार के पार्षद बनने वालों की नींद उड़ गई है। और यह पता लगाने में डटे हुए है कि कौन सा वार्ड ओबीसी होगा, इस बार कई बार के रह चुके पार्षदों की नींद उड़ चुकी है। कांकेर नगर पालिका में ओबीसी के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर एक वार्ड कम हो जाएगा और यह अनारक्षित में चला जाएगा।

### पंचायत के आरक्षण पर लगा ग्रहण

पंचायत चुनाव के तहत 17 दिसंबर को जनपद सदस्य, सरपंच व पंच के लिए आरक्षण होना था, परंतु 16 दिसंबर को पंचायत विभाग से आदेश आया कि अपरिहार्य कारणों से आरक्षण स्थगित किया जाता है। इस आदेश को लेकर अब कई प्रकार की चर्चाएं चल रही है। सबसे बड़ी चर्चा यह है कि 50 प्रतिशत अधिक एससी व एसटी की संख्या होने पर ओबीसी का आरक्षण शून्य होगा, इसे लेकर आरक्षण स्थगित किया गया है। इसमें किस प्रकार की तकनीकी त्रुटि हो गई है या अन्य क्या कारण है, जब आरक्षण का खुलासा होगा, तभी स्पष्ट हो पाएगा। अभी तो यह है कि जिसको जो समझ में आ रहा है, वो उसी तरह से सोचकर बयानबाजी करने में लगा हुआ है। पंचायत के आरक्षण पर लगा ग्रहण यह कब तक रहेगा, इसकी तस्वीर स्पष्ट नहीं है और न ही कोई अधिकारी इस पर जानकारी दे पा रहा है।

# मालवाहक वाहनों के चलने से बासनवाही से सालेटोला तक सड़क हो गई जर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

जगदलपुर से रायपुर के लिए डायवर्ट किए गए मार्ग में भारी मालवाहन वाहनों के चलने से बासनवाही से सालेटोला तक सड़क बद से बद्तर हो गई है और जगह जगह गड्ढे हो जाने से ग्रामीणों का जीवन जीना दूभर हो गया है।

- जगदलपुर से रायपुर के लिए मार्ग किया गया है डायवर्ट
- गड्ढे होने से बढ़ी दुर्घटनाएं

मालवाहक वाहनों के चलने से कई जगह सड़को पर गड्ढे हो जाने से दुर्घटना की घटनाएं लगातार बढ़ने लगी है। जानकारी के अनुसार केशकाल घाट के निर्माण कार्य चलने से बसों को इस मार्ग में डायवर्ट किया गया था, परंतु मालवाहक वाहनों के आने से स्थिति गंभीर हो गई है। अब तो बड़े मालवाहक भी बेधड़क रुप से चल रहा है, जिससे सड़क का स्थिति बहुत ही बद्तर हो चुका है। सालेटोला चौक में बड़ा गड्ढा हो गया है, जिसमें कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं। सालेटोला चौक के व्यवसायियों काजूराम साहू, लक्ष्मी कुलदीप, शिवजी गुप्ता, ▶▶| शेष पेज 12 पर

### ठीक नहीं होने पर होगा चक्काजाम

सालेटोला इलाके व्यवसायियों व ग्रामीणों का कहना है कि भारतमाला में लगे ठेकेदार के कारण सड़क जर्जर हुई है। यह ठेकेदार भी सड़क को ठीक करने के लिए पहल नहीं कर रहे है। शायद लोक निर्माण विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि अगर इस मार्ग को जल्द नहीं सुधारे जाने पर सालेटोला चौक पर पूरे व्यापारी चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होने को मजबूर होंगे।

# बांस शिल्प को सीखकर समिति के सदस्य बढ़ा सकते हैं आय: आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

वन परिक्षेत्र चारामा अंतर्गत वन प्रबंधन समिति कोटतरा द्वारा 9 से 16 दिसंबर तक बांस से शिल्पकृतियां बनाने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर वनमंडलाधिकारी ने प्रशिक्षण लेने वालों को प्रमाणपत्र देकर बेहतर ढंग से काम करते हुए इस हुनर को आय



बढ़ाने का जरिया बनाने की सलाह दिया। समापन अवसर पर वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी ने कहा कि यह प्रशिक्षण वन समिति के सदस्यों को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण बांस शिल्पकला को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ वन प्रबंधन समितियों के लिए एक नई आजीविका का अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। वनमंडलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने बांस से विभिन्न कलात्मक वस्तुएं बनाने की तकनीकि की जानकारी लिया और कहा कि यह तकनीकि भविष्य में उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगी। कार्यक्रम वन समितियों के लिए ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कच्चे धान खरीदी केंद्र में किसान कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कच्चे क्षेत्र के किसानों की लगातार परेशानियां बढ़ती जा रही है। बीते 8 दिनों से धान खरीदी बंद है, जिससे किसानों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस के नेतृत्व में

- राज्य सरकार के विरूद्ध की जमकर नारेबाजी



एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों के साथ लगातार वादाखिलाफी कर रही है। किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र में लगातार हो रही बारदाने की कमी से किसानों को खुद का बोरा देना पड़ रहा है। 3100 रूपए एक साथ देने वाली साय सरकार 2300 रूपएं देकर लोगों को ठगने का काम कर रही है। टोकन की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। सरकार के कारनामे से परेशान होकर कंप्यूटर आपरेटर हड़ताल में बैठ गए थे। कच्चे में दो दिन के अंदर यदि किसानों की हित में धान खरीदी चालू नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी भानुप्रतापपुर से दल्ली के बीच में मेन रोड पर बैठकर चक्काजाम करेगी। आयोजित प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मंडावी, राजेंद्र साहू, अमर कचलाम, सुनाराम तेता, रीखी राम मंडावी, खेमलाल साहू, आकाश ▶▶| शेष पेज 12 पर

## स्वस्थ-समृद्ध भारत की पहल है प्रकृति परीक्षण, घर के करीब लाएगी आयुर्वेद

# प्रकृति परीक्षण ऐप बीमारी का लगाएगा पता, सलाह भी मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आयुष मंत्रालय के नेतृत्व में और राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा प्रबंधित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत वात, पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर किसी व्यक्ति की अनूठी मन-शरीर संरचना या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है। यह पहल आयुर्वेद को हर घर के करीब लाती है, नागरिकों को उनकी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत, निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। उक्त बातें हरिभूमि से बात

- प्रकृति के अनुसार जीवनशैली को अपनाकर रह सकेंगे निरोगी: डा. अरविंद



करते हुए आयुष विंग कांकेर में पदस्थ एमडी विशेषज्ञ चिकित्सक डा. अरविंद मिश्रा ने कहीं। आयुष विंग कांकेर में पदस्थ एमडी विशेषज्ञ चिकित्सक डा. अरविंद मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवम आयुर्वेद दिवस 29 अक्टूबर 2024 को आरंभ किए गए देश की प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत जिले में नागरिकों का परीक्षण जारी है। अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी प्रकृति के अनुसार उचित सलाह देना है। यह अभियान आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने और भारत में स्वास्थ्य सेवा को समग्र और सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनकी अपनी आयुर्वेदिक प्रकृति (मन-शरीर संरचना) के बारे में जागरूक करना और उनके दैनिक जीवन में समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। आयुर्वेद के अनुसार हर व्यक्ति की प्रकृति अलग होती है। अगर व्यक्ति अपनी प्रकृति के अनुसार जीवनशैली को अपनाए तो सदैव निरोगी रह सकता है। अभियान का मुख्य लक्ष्य भी यही है कि लोग अपनी प्रकृति को जानें और सुखी एवं निरोगी रहें।

### परीक्षण करवाने कर सकते है संपर्क

जिले का कोई भी नागरिक प्रकृति परीक्षण सर्वे करवाने के लिए आयुष विंग, आयुष केंद्र, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित आयुष चिकित्सालय व आरोग्य मंदिर में स्थित स्टाफ से संपर्क करके निःशुल्क परीक्षण करवा सकते है। इसके उपरांत निःशुल्क सलाह जीवन भर मिलती रहेगी।

### मोबाइल एप पर होगा सर्वेक्षण

प्रकृति परीक्षण' एक समग्र सर्वेक्षण-आधारित मोबाइल एप्लीकेशन है जो उपयोगकर्ताओं को पारंपरिक आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर उनकी प्रकृति निर्धारित करने में मदद करता है। इस सर्वेक्षण की प्रश्नावली को आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में जीनोमिक और समवेत विज्ञान संस्थान के वरिष्ठ मुख्य वैज्ञानिक द्वारा तैयार किया गया है। यह ऐप नागरिकों को प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा किए गए निर्देशित सर्वेक्षण में भाग लेने में सक्षम बनाता है, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्तिगत डिजिटल प्रकृति प्रमाण-पत्र प्राप्त होता है।

### 28 वीं वाहिनी ने बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता जीती



**अंतागढ़।** 61 वाँ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में बैटमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 28 वीं वाहिनी के अधिकारी एवं 33 वीं वाहिनी के अधिकारियों के बीच प्रतियोगिता हुआ। आयोजित प्रतियोगिता में लंबे समय तक चले मैच में कड़ी टक्कर में 28 वीं वाहिनी ने प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया। खेल समाप्ति के उपरान्त 28 वी वाहिनी के कार्रवाई उपमहानिरीक्षक अरुण देवगम ने सभी को खेल से जुड़े रहने व अपनी फिटनेस को बनाये रखने के लिए सभी कार्मिक को संबोधित किया।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप




### प्रधानपाठक पर पदोन्नत स्कूल में दी गई विदाई

**दुर्गुकोंदल।** तरहुल संकुल केंद्र अंतर्गत भुरसातरहुल शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक रविशंकर यादव के प्रधान पाठक में पदोन्नति होने पर विदाई दी गई। समारोह में लतीफ पिद्दा, हेमन्त दामले, संतोषी, राकेश यादव, रामस्वरूप कोठारी, पोखन लाल ठाकुर, संग्राम सिंह मंडावी, अनुभव साहू, देवप्रसाद मंडावी, रामलाल कोरेटी पटेल, अधीर कोरेटी, रामेश्वर भूआर्य, सोमदेव कोरेटी, बिसंबार राना, राधेश्याम कोरेटी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कुंआपानी निवासी 47 वर्षीय जयबत्ती पुजारी को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने की वजह से उसकी 4 अक्टूबर को इलाज के दौरान रायपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। थाना रायपुर से मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### देवगुड़ी एवं अन्य कार्यों का होगा लोकार्पण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत राउरवाही मे देवगुड़ी एवं विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राधिका नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत राउरवाही एवं अध्यक्ष लखेश्वर कोमरे उपसरपंच ग्राम पंचायत राउरवाही अतिथि होंगी। वही विशेष अतिथि मुकेश्वरी नरेटी, जनपद सदस्य पीलम नरेटी एवं अन्य अतिथियों की उपस्थितियों में संपन्न होगी।

### शिविर में लोगों ने किया रक्तदान व 173 की जांच

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुष्ठ, क्षय रोग, मोतिया बिंद, मलेरिया, शुगर, ब्लड ग्रुप, बीपी तथा हीमोग्लोबिन जांच किया गया। स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान किया, जिसमें अधिक संख्या में रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर को 5 बजे समापन किया गया। शिविर में आये लाभार्थी की संख्या 173 रही।

---

### आयोजन : अतिथियों ने छात्रों को देशप्रेम के लिए किया प्रोत्साहित

# हिन्दुस्तान की उड़ान, देखे सारा जहान की राष्ट्र भावना के साथ जेपी स्कूल में मनाया गया विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत, हिन्दुस्तान की उड़ान, देखे सारा जहान थीम के तहत जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में विजय दिवस मनाया गया। अतिथियों ने छात्रों को राष्ट्रभक्ति व राष्ट्रप्रेम के महत्व को समझाया और छात्रों को देशप्रेम के लिए प्रोत्साहित किया।

■ शहीदों को नमन करते हुए की गई श्रद्धांजलि अर्पित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विजय कुमार चतुर्वेदी, विशेष अतिथि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण परिषद के छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष कर्नल हरेंद्र त्रिपाठी, मातृ शक्ति विंग से पारुल त्रिपाठी, , अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण परिषद कोंडागांव के संयोजक सुब्रत साहा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव का स्वागत छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं द्वारा तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। विद्यालय के छात्र सैनिकों ने तत्पश्चात सभी अतिथियों को विद्यालय बैंड और करतल ध्वनि के साथ मंचासीन किया। परंपरा अनुसार सभी अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र और पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। संगीत विभाग के मार्गदर्शन में छात्रों ने स्वागत गीत स्वागतम-सुस्वागतम के माध्यम से अतिथियों और शिक्षकों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से लेफ्टिनेंट जनरल विजय कुमार चतुर्वेदी ने प्रेरक संबोधन में देश सेवा और समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने छात्रों को बताया कि देश की सेवा केवल सेना में भर्ती होने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने से भी देश की उन्नति होती है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर और नैतिकता के साथ कार्य कर हम देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश सेवा का अर्थ है अपने कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में क्यों न हो। उन्होने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को साकार करने के साथ-साथ समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझें और उनका निर्वहन करें। आईआईएम रायपुर के मुख्य प्रशानिक अधिकारी एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण परिषद के छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष कर्नल हरेंद्र त्रिपाठी ने विद्यालय की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान में सैनिक स्कूल जैसी ऊंचाइयों को छूने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संजोते हुए हमें वैश्विक प्रगति के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की और छात्रों को प्रेरित करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों से जोड़ने की सिफारिश की। संस्था निदेशक शंकर गिदवानी ने अपने स्वागत उद्बोधन में उठो धरा के वीर सपूतों पुनः नया निर्माण करो पंक्तियों के साथ अव्हान करते हुए छात्रों को देश के नव निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। शैक्षणिक सलाहकार गोविन्द मुदलियार ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि अतिथियों के स्नेह और सहयोग ने इस विजय दिवस को अविस्मरणीय बना दिया। आपका समर्थन और प्रेरणा हमें देशभक्ति की नई ऊचाइयों तक ले जाएगा।





#### छात्रों की प्रस्तुति को सराहा

संगीत विभाग के मार्गदर्शन में विभिन कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने कदम कदम बढ़ाये जा गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात नृत्य विभाग के निर्देशन में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने सबका मन मोह लिया। छात्रों ने इस प्रकार देशभक्ति से ओतप्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। मंच संचालन शिक्षिका करिश्मा परवीन और आभार प्रदर्शन शिक्षक सुकांता भौमिक ने किया।

---

## नगर पंचायत के अनियमित कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से फैली अव्यवस्था

**जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और इस समय भानुप्रतापपुर की जनता काफी परेशान है। नगर पंचायत सूना पड़ा हुआ है, क्योंकि नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों हड़ताल में है, जिसके चलते जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। नगर पंचायत के अमले के हड़ताल में जाने के चलते जनता को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रही है। प्रतिदिन जनता को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। साफ-सफाई का काम पूरी तरह से ठप्प पड़ गया है और टाईमिंग नल से समय पर पानी नहीं आ रहा है वहीं गलियों की लाइटें नहीं जल पा रही है। जैसे तैसे मेन रोड की किसी तरह से जला दिया जाय तो दिन में बंद नहीं होती। नालियों की सफाई नही हो रही सभी जनता के घर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हरा नीला डब्बा दिया तो गया है, पर वो कबके भर चुके है और उन कचरे को डाला कहां जाय, यह किसी को समझ नही आ रहा है। पहले तो हर मोहल्ले में एक बड़ा सा कचरा डब्बा हुआ करता था, तो कुछ सुविधा हो जाती थी जब कोई कचरा गाड़ी नही आता था, वहाँ डाल देते थे। जनता कचरा फेंकने को लेकर परेशान है और शिकायत करें तो किस्से करें, कोई सुनने वाला नहीं है। नगर पंचायत की इस लापरवाही का खामियाजा आने वाले चुनाव में किसको भुगतना पड़ेगा, यह किसी के समझ में नहीं आ रहा है। कुछ वार्डो में पार्षद द्वारा नल खोला गया पर इतना पर्याप्त नहीं है एक ही टाइम पानी आ रहा है। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के अनियमित प्लेसमेंट कर्मचारी, जो मूलभूत सुविधाओं का संचालन करते है, उनको हड़ताल में गए एक महीना होने वाला है, साथ ही स्वच्छता दीदी और नियमित कर्मचारी भी उनके साथ संयुक्त हड़ताल में चले गए है, जिससे पूरी व्यवस्था चरमरा गई है । अनियमित प्लेसमेंट कर्मचारी के कांकेर जिला अध्यक्ष किशोर कोर्राम से जानकारी ली गई।

---

## किराए के मकान में लग रही आगनबाड़ी, मासूम बच्चों के साथ हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विष्णु की सुशासन वाली सरकार में आंगनबाड़ी केन्द्र का बुरा हाल



■ नया आंगनबाड़ी भवन नहीं बनने पर चक्काजाम की दी चेतावनी

हो चुका हैं। पार्षद पंकज राज वाधवानी ने कहा कि नौनिहालों के पालन-पोषण और शुरुआती शिक्षा के लिए सरकार द्वारा स्थापित किए गए आंनगबाड़ी केंद्रो के हाल, आज भी बेहाल है। शासन प्रशासन मासूम बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

भानुप्रतापपुर नयापारा वार्ड क्रमांक 14 का आंगनबाड़ी भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 के मासूम बच्चे इस आंगनबाड़ी में आते हैं। साथी ही गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण भी इसी आंगनबाड़ी में होता है। सालभर से आंगनबाड़ी के मासूम बच्चे व माताएं जगह-जगह भटकने को मजबूर हो चुके हैं। लगातार शासन और प्रशासन से आंगनबाड़ी भवन की मांग की जा चुकी है। परंतु भाजपा की सरकार में आंगनबाड़ियों का बुरा हाल है।

शासन में आने से पूर्व भाजपा के नेताओं ने स्वास्थ्य शिक्षा को बड़ी-बड़ी बातें की थी और आज उनकी कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आ रहा है। इस सरकार में किसान, बच्चे, व्यापारी महिला युवा मजदूर सभी परेशान हैं। जल्द नया आंगनबाड़ी भवन नहीं बनाया गया तो भानुप्रतापपुर के मुख्य मार्ग पर वार्डवासियों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा।

---

## खराब दिनों का बड़ा सहारा बनी महतारी वंदन योजना, बच्चों की परवरिश के लिए मील का पत्थर साबित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ जरुरी खर्चो के साथ-साथ कुछ रुपयों की नीतू कर लेती है बचत भी

प्रदेश के महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना वरदान साबित हुई है। इस योजना से किसी के जीवन में खुशहाली आई तो किसी के लिए मददगार साबित हुई। वहीं कुछ ऐसी महिलाएं भी हैं, जिनके जीवन में यह मील का पत्थर साबित हुई है। कांकेर शहर के राजापारा वार्ड की रहने वाली नीतू यादव के खराब दिनों में बड़ा सहारा सिद्ध हुई है। उन्होने बताया कि आज से छह साल पहले उनके पति की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई, जिसके बाद जैसे उनके जीवन में मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। खुद के वैधव्य जीवन के साथ-साथ तीन बच्चों की परवरिश एक बड़ी जिम्मेदारी थी। परिवार में किसी रिश्तेदार की मदद नहीं मिलने से वह और भी असहाय हो गई। नीतू यादव यादव ने बताया कि वह अपने व तीनों बच्चों की परवरिश के लिए घरों में बर्तन, झाडू-पोंछा का कार्य करने लगी, जिससे मिला पैसा ऊंट के मुंह में जीरा के समान था। ऐसे में शासन की मदद से उनके बेबस परिवार को सहारा मिल गया। उन्होंने बताया कि उन्हें विधवा सहारा पेंशन योजना एवं महतारी वंदन योजना से एक हजार रूपए प्रतिमाह मिल रहे हैं। दोनों योजनाओं के तहत 500-500 रूपए की राशि हर माह मिल जाती है, जो उनके लिए बहुत बड़ी है। आज उन्हें योजना के तहत 10 किश्तों में राशि मिल चुकी है और जरूरी खर्चों के साथ-साथ कुछ पैसे बचत भी कर लेती हैं। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार मानते हुए प्रदेश सरकार का बारम्बार धन्यवाद देते हुए कहा कि जब उनका परिवार पूरी तरह से बेसहारा हो चला था, तब प्रतिकूल परिस्थिति में यह योजना उनके जीवन में उजाला लेकर आई है।

---

## अमोड़ा क्षेत्र के किसान समस्याओं को लेकर पहुंचे कलेक्टोरेट, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर




धान खरीदी केंद्र में धान नही खरीदने एवं कृषक से बारदाना लेने के संबंध में किसान जिला मुख्यालय पहुंचे। कलेक्टर से मिलकर धान बेचने में हो रही समस्या, जिला सहकारी बैंक को संचालित करने व अमोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया कि धान खरीदी केंद्र अमोड़ा में 9 दिसंबर से धान खरीदी बंद है। बारदाना नहीं होने के कारण किसानों से ही बारदाना लिया जा रहा है। किसानों को स्वयं से बारदाना उपलब्ध कराना पड़ रहा है, जिससे धान बेचने में काफी परेशानी हो रही है। धान बेचने से पहले टोकन कटवाना पड़ता है, उसमें भी काफी परेशानी का सामना किसानो को करना पड़ रहा है। अधिकतर किसान ने लोन लिया है, जिनको अपने लोन की किस्त जमा करना है। धान नही बेंच पाने व खरीदी केंद्र बंद होने से किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। कलेक्टर से मांग किया गया कि जल्द से जल्द बारदाना का व्यवस्था कराकर धान खरीदने के लिए आदेशित किया जाए। इसके साथ ही पूर्व छग शासन द्वारा क्षेत्रवासियों के हित में जिला सहकारी बैंक भवन घोषणा कर भवन के लिए राशि आवंटित किया गया था। आज तक जिला सहकारी बैंक भवन अधूरा है व तत्कालिक बैंक संचालित करने 6 लाख 40 हजार रूपएं आवंटित था, जो आज तक बैंक संचालित नही किया जा रहा है। इसके अलावा खण्ड चिकित्सा कार्यालय एवं एनएचएम कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा में संचालित है। संबंधित समस्त कर्मचारी एवं अधिकारियों का वेतन आहरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा से किया जा रहा है, लेकिन कुछ अधिकारियों की मनमानी के कारण यह कार्य नरहरपुर से संचालित किया जा रहा है, जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा का अस्तित्व समाप्त करने की साजिश की जा रही है। साथ ही अमोड़ा का समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं को नरहरपुर ले जाया गया है, जो कि न्यायोचित नहीं है। किसानों ने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर सभी प्रतिनिधि व ग्रामीणजन चक्काजाम कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसका जिम्मेदार शासन-प्रशासन होगा।

---

## दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए प्रशिक्षण आयोजित



**कांकेर।** समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत जिले के 21 प्रकार के दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकित के लिए शालाओं के प्राचार्य, व्याख्याता, प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान अध्यापक एवं पालकों के लिए जिला स्तरीय क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यशाला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने, शालाओं में अपने सहपाठियों के साथ एक समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करना व शिक्षकों, पालकों, सहपाठियों के बीच शालाओं में बिना किसी भेदभाव के क्षमता निर्माण करना है। इसके अलावा सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों का अध्यापन पीयर ग्रुप बनाकर आवश्यक सहयोग प्रदान करना, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत 21 प्रकार के दिव्यांगता का चिन्हांकन करने दिव्यांगता की जानकारी दी गई। इसी तरह गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के पालकां को दैनिक जीवन क्रियाकलाप, स्पीच, फिजियों थैरेपी के बारे में बताया गया।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरुषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (निःशुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

## उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव जल्द से जल्द करें : कलेक्टर

**कांकेर।** जिले के राइस मिलर्स की बैठक लेकर धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव जल्द से जल्द करने कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा, ताकि जाम की स्थिति निर्मित न होने पाए। कलेक्टर ने समितियों में उचित रख-रखाव एवं समितियों में बारदाना पहुंचाने तथा अनुबंध निष्पादन कर मिलिंग की गति में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग का कार्य शीघ्रता से करने के लिए कहा, ताकि धान की आवक के साथ-साथ मिलिंग बाधित न हो। उन्होंने मिलर्स से कहा कि वे अपनी मिलिंग क्षमता का पूर्ण उपयोग करें। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि पूर्व वर्ष 2023-24 में भारतीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम का शेष चावल जमा किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 176642 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें कांकेर के धान का मिलरों 3875 मीट्रिक टन का डीओ जारी हो चुका है, जिसका उठाव प्रगति पर है।

## 10 वीं एवं 12वीं ओपन बोर्ड मुख्य एवं अवसर परीक्षा फॉर्म वितरण प्रारंभ

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल कक्षा 10 वी एवं 12वीं की मुख्य एवं अवसर परीक्षा अप्रैल 2025 में जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रो में संपन्न होगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन फार्म जिले के विभिन्न विकासखंडों के 14 अध्ययन केन्द्रों में फार्म वितरित किए जा रहे हैं।ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर हार्ड कॉपी केंद्र में जमा करना होगा। ऑफ लाइन परीक्षा फॉर्म कार्यालय समय में पहुंचकर परीक्षार्थी फार्म प्राप्त कर सकते हैं। ओपन परीक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के लिए जिले में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में दोपहर 2 बजे से फार्म का वितरण किया जा रहा है। पिछली बोर्ड 10वीं 12वीं कक्षाओं में अनुत्तीर्ण व पूरक की पात्रता वाले भी क्रेडिट योजना का लाभ ले सकते हैं। उक्त जानकारी जिला समन्वयक एवं प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव, ओपन परीक्षा प्रभारी वाजिद खान, सहायक प्रभारी संदीप टेकाम ने दी है।

# सामूहिक नृत्य स्पर्धा में प्रथम रही स्वरागिनी रतनपुर और बिलासपुर चोला माटी के हे राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय के उन्मुक्त खेल मैदान में प्रथम वर्ष राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम नव युवक-युवती समिति दुर्गुकोंदल के तत्वधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव, मानपुर, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, रतनपुर, जगदलपुर, बिलासपुर, दुर्ग, मरोदा सहित प्रतिभागी सहित कुल 70 टीमों ने भाग लिया वही अन्य स्थानों से कार्यक्रम के विभिन्न प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल हुए। सरपंच पार्वती शोरी ने कहा कि यह पहल बहुत अच्छा हैं, इससे आने वाले कल मे नए-नए प्रतिभागियों को मौका मिलेगा और आगे भी ऐसे कार्यक्रम होता रहे।

■ नवयुवक-युवती समिति द्वारा राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन

■ प्रतियोगिता में राज्यभर की 70 टीमों ने लिया भाग




#### सम्मान कार्यक्रम भी हुआ

सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के शिक्षा, स्वाथ्य, समाज, पत्रकारिता, संस्कृति एवं श्रेष्ठ कार्य के लिए नवयुवक-युवती समिति के द्वारा सम्मान किया गया। दुर्गूकोंदल ब्लॉक मुख्यालय मे प्रथम बार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।समिति के अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने कहा कि यह युवाओं की एक नया पहल हैं जो क्षेत्र के प्रतिभागियों की प्रतिभा को निखारेगी। आगे डांस इण्डिया डांस स्तर के कार्यक्रम तक पहुंच कर क्षेत्र एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करें।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सकुंतला नरेटी, पार्वती सोरी, देवलाल नरेटी, देवेंद्र टेकाम, रीना नरेटी, पिलम नरेटी, सकुंतला नरेटी, समिति में राहुल नरेटी, रंजना दुग्गा, कविता टेकाम, सचिव दीपक जैन, कौसल जैन, गैंदलाल लावतरे, यौगेश मरकाम, लता नरेटी, सोनू मंडावी, प्रकाश उइके, सोमल जैन, नरेंद्र जैन, अमन सिंह, अविनाश सिन्हा, रिंकू पारख, योगेश सोम, संजू मलिक, सितु मंडावी, योगिता दुग्गा, सन्नी, तुसार ठाकुर, रेमेंद जैन, फूलसिंह मंडावी, सहोदरा दुग्गा, गीतू दुग्गा, दीपिका दर्रो, किशोर भारतद्धवाज, राधेश्याम कांगे उपस्थित रहे।

#### ये रहे विजेता

प्रतियोगिता में निर्णायक टीम के द्वारा सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान स्वरागिनी रतनपुर व बिलासपुर चोला माटी के हे राम, द्वितीय स्थान न्यू किरण धमतरी कल कि अवतार, तृतीय स्थान हमर छत्तीसगढ़ ग्रुप सरायपाली महासमुंद खन-खन बैला के घुंगरू बाजे, चतुर्थ बस्तरिया ग्रुप अंतागढ़ बस्तरिया गीत। युगल नृत्य मे प्रथम स्थान देवार देवारीन गरियाबंद साप वाला, द्वितीय स्थान पवन हीना रायपुर लुका लेहु तोर चेहरा ला, तृतीय स्थान हेमंत खुशी कोड़ेकूर्से सीजी रिमिक्स, चतुर्थ स्थान दिनेश रवीना कोंडागांव बस्तर बेटी बचाओ। एकल में प्रथम स्थान नम्रता गोटी दमकसा चारामा मोंगरा के मया राजा, द्वितीय स्थान गनीता विश्वकर्मा अरौद चारामा घर मोरे परदेसिया, तृतीय स्थान अंजलि दीवान रायपुर में तुमसे ऐसे मिलु, चतुर्थ स्थान तमन्ना पोर्ते एकलव्य विद्यालय दुर्गूकोंदल भरत नाट्यम रहे।

## मांगरा नाला भूरका नदी में पुलिया निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड के मांगरा नाला भूरका नदी में बहुप्रतिक्षित पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार खड़का, भूरका, जलहुर गाँव एवं केवटी, परवी भी सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ेंगे। कांकेर जिले के पखांजूर प्रवास के दौरान इस कार्य का भूमि पूजन मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया था। पुल 2 करोड़ 68 लाख की लागत से निर्माण किया जाएगा। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम विशेष अतिथि टीकम टांडिया, सचिन दुबे, हेम सोनवानी, योगेश सोनवानी, तीनो ग्राम के गायता पटेल एवं सर्व आदिवासी समाज के सर्कल अध्यक्ष राधे मंडावी, ग्राम परवी के राजेंद्र धुर्वा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)